हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, बुधवार, 24 अप्रैल 2024

11 कहीं आरती तो कहीं यज्ञ से जताई श्रद्धा



12 कांग्रेस हमेशा करती हरी झूठ और बांटने की की राजनीति



## नगर पालिका ने बस स्टैंड के पास से हटाई फल और सब्जी की अस्थाई दुकानें

### अस्थाई कब्जे कर वर्षों से चला रहे थे दुकानें, दोपहर को तीन से चार बजे तक हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़







महेंद्रगढ़। बस स्टैंड कें दुकानदारों से बात करते जेई व सचिव और दुकानदारों का सामान ट्रैक्टर में डालते नपा कर्मचारी।व बस स्टैंड के पास अस्थाई रूप से रेहड़ी हटाते नपा कर्मचारी।

नगर पालिका टीम ने मंगलवार को बस स्टैंड के पास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इसके अलावा टीम ने बस स्टैंड के साथ लगती अवैध रूप से अस्थाई फल-फूरट की दुकानों को हटाया है तथा सामान को अपने कब्जे में लिया है। मौके पर मौजूद नपा अधिकारियों ने दुकानदारों को अंतिम चेतावनी दी है। दुकानदारों को कार्रवाई दोपहर तीन से चार बजे तक चली। नगर पालिका टीम ने इसके साथ ही बस स्टैंड के बाहर अस्थाई दुकानों के साथ फलों के रैक लगाकर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की। टीम को सामान जब्त करने वाली ट्रॉली संग देखकर दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में लोग अपना सामान समेटते नजर आए।

महेंद्रगढ़ बस स्टैंड के काफी वर्षों से फल-फ्रूट वालों ने अस्थाई दुकान बनाकर कब्जा किया हुआ है। इसके अलावा उन्होंने दुकान के बाहर अतिक्रमण भी कर रखा है। नपा दुकानदारों को काफी बार दुकाने हटाने का नोटिस दिया हुआ था, लेकिन कब्जा नहीं हटाया गया। मंगलवार को नगर पालिका सचिव प्रशांत कुमार, जेई मनोज कुमार अपनी टीम को लेकर पूरे दलबल के साथ पहुंचे। कर्मचारियों ने एक के बाद एक सभी अस्थाई दुकानों को हटा दिया।टीम रेहड़ी संचालकों के क्रेट, तिरपाल इत्यादि को जब्त किया।

### इन जगहों पर भी कार्रवाई जरूरी

शहर में रेलवे रोड, आईटीआई रोड व सिनेमा रोड हो या फिर बाजार, हर जगह अतिक्रमण से जाम की समस्या है। दुकानदार सामान को कई फुट बाहर तक लगा लेते हैं। जब ग्राहक दुकान पर खड़ा होता है, वह भी स्थान घेरता है। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते सड़क काफी संकरी हो जाती है। ऐसे में राहगीरों एवं वाहनों के निकलने को स्थान नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं।

शहर के सब्जी मंडी रोड व शॉपिंग कॉम्पलैक्स में अतिक्रमण की भरमार है। ऐसे में यहां राहगीरों को चलने के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता। शहर में सिनेमा रोड, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार, सब्जी मंडी रोड, आईटीआई रोड, सर्राफा बाजार, माता मसानी चौक सहित अन्य स्थानों पर भी दुकानदारों ने अतिक्रमण किया हुआ। पालिका को इन स्थानों पर भी समय-समय अभियान चलाता रहना चाहिए, ताकि लोगों को जाम से छुटकारा मिल सके।

### हटाने के बाद बार बार अतिक्रमण करने वालों पर होगी कार्रवाई

नपा सचिव प्रशांत कुमार ने कहा कि नगर के मुख्य मार्गों पर बढ़ते अवैध कब्जा नगर की सुंदरता व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए काफी गंभीर समस्या है। इससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी होती है। साथ ही यातायात जाम होने की स्थिति में वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बढ़ते अवैध कब्जा को रोकने के लिए नपा की टीम द्वारा अतिक्रमण हटाने का कार्य किया जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में नगर के मुख्य मार्गों के अलावा अन्य स्थानों पर भी अवैध कब्जा को पूरी तरह से हटाने का कार्य किया जाएगा। इससे की आम लोगों को होने वाली किसी भी तरह की परेशानी से निजात मिल सके। कोई दुकानदार बार-बार अतिक्रमण करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाएगा। फल-फ्रूट की रेहड़ी लगाने वाले रेहड़ी चालक अपनी रेहड़ी के टायरों में हवा भरवाकर रखे। रेहड़ी चालक किसी एक जगह पर पक्का अतिक्रमण कर फल-फूरट न बेचे। अतिक्रमण करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

## खबर संक्षेप

### कनीना मंडी में सरसों खरीद का शेड्यूल जारी

**कनीना।** कनीना मंडी में सरसों की खरीद गांवों के रोस्टर के हिसाब से की जाएगी। कोई भी किसान बिना रोस्टर के अपनी फसल मंडी में ना लाएं। यह जानकारी देते हुए मार्केट सचिव नुकूल यादव ने बताया कि 24 अप्रैल को नई अनाज मंडी कनीना चेलावास में कोका, रामबास, रसूलपुर, खैराना व तलवाना गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। इसी प्रकार 25 अप्रैल को कलवाड़ीए पड़तल, गाहडा, गोमला, ढाणा व बेवल गांवों के किसानों की सरसों खरीद की जाएगी। किसान गेट पास कटवाने के लिए अपने साथ आधार कार्ड अवश्य लाएं। बिना रोस्टर के किसी भी किसान की सरसों खरीद नहीं की जाएगी।

### सचिवालय में मतदाता जागरूकता कैंप आज

**नारनौल।** लघु सचिवालय के नजदीक सभागार में 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में डीसी मोनिका गुप्ता मुख्य शामिल होंगी। नोडल अधिकारी एडीसी ने बताया कि 24 अप्रैल को सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें कोई भी युवा भाग ले सकता है। इस दौरान सभी एक साथ अपना मत प्रयोग करने की शपथ भी लेंगे। कार्यक्रम का मकसद लोगों को मतदान के लिए जागरूक करना है।

### तीन ट्यूबवैल से 185 फीट केबल चोरी

**महेंद्रगढ़।** जिले के गांव बुचौली से अज्ञात चोर तीन किसानों के ट्यूबवैल से 185 फीट केबल चोरी कर ले गए। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मामला दर्ज जांच शुरू कर दी हैं। पुलिस को दी शिकायत में सत्यबीर सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर उनके ट्यूबवेल से 80 फीट केबल चोरी कर ले गए हैं। किसान दलीप सिंह के ट्यूबवैल से 60 फीट केबल व सुरेश कुमार के ट्यूबवेल से 45 फीट केबल चोरी कर ले गए हैं। सदर थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पेमेंट रूकने के डर से नपा के वाहनों को तेल देने से कतराने लगे पंप संचालक

# हालात बौहते माड़ै, साल बीतने के बाद भी कूड़ा उठान का टेंडर नहीं

**एक माह के 25 दिन में खर्च होता है सवा लाख का पेट्रौल नियमित उठान नहीं होने से शहर में जगह-जगह लगे कचरे के ढेर, नपा के पास कर्मचारियों का भी टोटा**

महेश कुमार ▶▶| महेंद्रगढ़









**महेंद्रगढ़।** मोहल्ला वाल्मीकि में लगे गंदगी के ढेर, रामलीला परिषद् के पास गंदगी से गुजरती महिला, डुलाना रोड पर कचरे में मुंह मारता गोवंश व गोशाला के सामने कॉलोनी में रास्ते पर फैला कचरा।

साल बीतने के बाद में शहर में डोर टू डोर कूडा कलेक्शन का टेंडर नहीं हो पाया है। कूड़ा कलेक्शन का टेंडर नहीं होने के कारण शहर में जगह-जगह कूडे.के अंबार लगे हैं। वहीं नगर पालिका को अपने वाहनों में पेट्रोल डलवाने के लिए प्रति माह में संचालकों को करीब 1.25 लाख रुपये का भुगतान करना पड़ रहा है। पेट्रोल पंप संचालकों को पेमेंट रूकने का डर बना हुआ है।

नगर पालिका की ओर से शहर में सभी वार्डों में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन किया जाता है। वाहनों के माध्यम से शहर से निकलने वाले कचरे को शहर के देवास रोड स्थित डपिंग यार्ड में एकत्रित किया जाता हैं। 30 अप्रैल को 2023 को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन का टेंडर समाप्त हो गया है। करीब छह माह तक अधिकारी दोबारा से कूड़ा कलेक्शन को टेंडर ही नहीं लगाए गए। टेंडर लगाने के बाद लंबे समय तक डीएमसी की सीट रिक्त होने के कारण फाइल अटकी रहीं।

इसके बाद तत्कालीन एडीसी वैशाली सिंह को डीएमसी का चार्ज मिलने के बाद तकनीकी समस्या के चलते टेंडर का रिजेक्ट कर दिया गया था। इसके बाद दोबारा से अधिकारी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का टेंडर नहीं लगा पाएं। शहर के नियमित कचरा उठान नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं।

### 31 दिसंबर को समाप्त हो चुका है टेंडर

नगर पालिका की ओर से शहर में सभी वाडारें में डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का टेंडर एक निजी कंपनी को दिया हुआ था। वाहनों के माध्यम से शहर से निकलने वाले कचरे को शहर के देवास रोड स्थित डपिंग यार्ड में एकत्रित किया जाता है। निजी कंपनी के टेंडर की समयावधि 31 अप्रैल को समाप्त हो चुकी है। टेंडर की समयावधि समाप्त होने के कारण शहर के विभिन्न मोहल्लों से नियमित कूड़े उठान नहीं हो पा रहा हैं। महेंद्रगढ़ शहर में 15 वार्ड है। 11 वाहनों के माध्यम से पूरे शहर से डोर टू डोर कूड़ा कचरा एकत्रित करना होता है। इनमें से नगर पालिका के पास तीन ट्रेक्टर व पांच टैंपों है। शहर प्रतिदिन करीब 12 टन गीला व सूखा कचरा निकलता हैं।



**महेंद्रगढ़।** हुड्डा पार्क के सामने लगा कचरे का ढेर।

### प्रतिदिन शहर से निकलता 12 टन कचरा व तीन ट्रैक्टर

महेंद्रगढ़ शहर में 15 वार्ड है। 11 वाहनों के माध्यम से पूरे शहर से डोर टू डोर कूड़ा कचरा एकत्रित करना होता है। वर्तमान में नगर पालिका के पांच टैंपो तथा 3 टैक्ट्रर से पूरे शहर का कचरा कलेक्शन किया जाता हैं। वाहनों की संख्या कम होने के कारण पूरे शहर से नगर पालिका के वाहनों से कूड़ा कलेक्शन करना किसी चुनौती से कम नहीं हैं।

शहर से प्रतिदिन करीब 12 टन गीला व सूखा कचरा निकलता हैं। शहर से निकलने वाले कचरे को देवास रोड स्थित डपिंग यार्ड में एकत्रित किया जाता हैं। शहर से निकलने वाले कचरे निवारण नहीं होने के कारण डंपिग यार्ड में कई बार ओवरफ्लो भी हो चुका हैं।

### 16 वर्ष नहीं हुई कर्मचारियों की भर्ती

नगर पालिका में करीब 16 वर्ष पहले कच्चे सफाई कर्मचारियों भर्ती हुई थी। अभी तक नगर पालिका दोबारा कभी सफाई कर्मचारियों की भर्ती नहीं हुई है। फिलहाल नगर पालिका के पास 52 पक्के तथा 17 कच्चे सफाई कर्मचारी है। जिनमें से तीन कर्मचारियों को दरोगा बनाया हुआ है। वहीं सप्ताह में एक दिन प्रत्येक सफाई कर्मचारी का अवकाश मिलता है। प्रतिदिन मानें तो करीब 10 कर्मचारी अवकाश पर रहते है। इसके अलावा तीन सफाई कर्मचारियों की ड्यूटी पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा के आवास, एक सफाई कर्मचारी की नियुक्ति विधायक राव दानसिंह, दो कर्मचारियों की ड्यूटी एसडीएम ऑफिस तथा तीन सफाई कर्मचारियों को ड्यूटी मजिस्ट्रेट के आवास पर लगाई हुई है। वर्तमान महेंद्रगढ़ शहर के वोटरों की संख्या 21033 है। जबकि शहर की आबादी 50 से अधिक पहुंच चुकी है। तय मानक अनुसार 400 की आबादी पर एक सफाई कर्मचारी होना चाहिए। ऐसे में शहर में करीब 125 सफाई कर्मचारियों की आवश्यकता है, लेकिन सरकारी कार्यालय व अवकाश पर रहने वाले कर्मचारी को छोड़ दे तो करीब 50 सफाई कर्मचारियों पर पूरें शहर की सफाई का जिम्मा होता है।



महिला आईटीआई के पास लगे कचरे का ढेर।

### शहर में इन स्थानों पर फैली होती है ज्यादा गंदगी

शहर में सैनीपुरा, महिला आईटीआई गेट, सब्जी मंडी के पास, मौहल्ला वाल्मीकि, खटीकान, माता संतोषी देवी मंदिर, डुलाना रोड, गौशाला के सामने, हुड्डा पार्क, सिनेमा रोड, मोहल्ला कोका बगड़ी, देवीलाल पार्क सहित शहर के अनेक जगहों पर कूड़े के ढेर लगे हुए है। शहर से नियमित कचरे का उठान नहीं होने के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रहीं हैं। कई बार शहर के लोगों नगर पालिका कार्यालय में लिखित शिकायत भी दी जा चुकी हैं।

### चार बदमाशों ने पिस्तौल तानकर शराब ठेके से नकदी व मोबाइल लूटे, डीवीअर भी ले गए साथ

- पहले मांगी बीयर, फिर दरवाजा खोल अंदर घुसे बदमाश, दो के हाथ में थी पिस्तौल
- पहले गल्ले से नकदी निकाली, फिर मोबाइल छीनकर हो गए फरार

**नारनौल।** शराब ठेका सेल्समैन से दो बाइकों पर सवार होकर आए चार बदमाश पिस्टल की नोंक पर 43 हजार 300 रुपये लूट लिए। दसके अलावा ठेका सेल्समैन के दो मोबाइल फोन व शराब ठेके पर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर भी लूट ले गए है। पुलिस ने शराब ठेका सेल्समैन की शिकायत में चार अज्ञात बाइक सवार बदमाशों के खिलाफ धारा 25, 34, 379-बी व 506 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नग्ला भगगु थाना नया गांव सराय जिला ऐटा यूपी सुखदेव पुत्र मुन्नालाल ने बताया कि वह शराब ठेका बाछौद पर सेल्समैन का कार्य करता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 अप्रैल रात करीब 9:40 बजे ठेके पर था, उस समय ठेके पर दो बाइक पर चार व्यक्ति सवार होकर आए और उनमें से एक व्यक्ति ने बीयर मांगी। जिस पर उसने बीयर निकालने के लिए फ्रिज खोला, तभी चारों व्यक्ति ठेके का गेट खोल कर अंदर आए गए। जिनमें से दो व्यक्तियों के पास पिस्टल थी। जिन्होंने उस पर पिस्टल तान दी और कहा कि शोर मचाया तो जान से मार देंगे।

शिकायतकर्ता ने बताया कि चारों व्यक्तियों में से एक व्यक्ति ने ठेके के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर उखाड़ लिया तथा दूसरे ने ठेके के गल्ले में रखे 43 हजार 300 रुपये निकाल लिए। इसके अलावा आरोपित उसके दोनों मोबाइल फोन भी छीन लिए और अपनी बाइकों पर बैठकर फरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि वह आरोपितों को सामने आने पर पहचान सकता है। सुराना में गश्त पर पुलिस का इसकी सूचना मिली। जिस पर पुलिस तुरंत घटना स्थल पर पहुंची। जहां पर शराब ठेका सेल्समैन ने पुलिस को उक्त वारदात की जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बाइक सवार चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट सहित आईपीसी की धारा 34, 379-बी व 506 के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



### सरकारी अस्पताल के वाटर टैंक में निकला सांप

**कनीना।** उपनागरिक अस्पताल में बने वाटर टैंक में मंगलवार को कोबरा प्रजाति का सांप निकल आया। जिसे देखकर अस्पताल का स्टॉफ भयभीत हो गया। अस्पताल में पानी की सप्लाई करने वाले नलकार ने उसे देखा तो प्रवर चिकित्सा अधिकारी डा. सुंदरलाल सहित स्टॉफ को सूचना दी। उसे निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद उन्होंने सांप पकड़ने वाले महेंद्र नामक व्यक्ति को बुलाया। जिन्होंने कड़ी मशक्कत के साथ सांप को पकड़कर डिब्बे में बंद कर उसे दूर छोड़ दिया। जिस पर स्टॉफ ने राहत की सांस ली।

### ज्वैलर्स की दुकान में फायर करने के आरोपितों की तलाश जारी

**कनीना।** कनीना में ज्वैलर्स की दुकान पर तीन अज्ञात नकाबपोश बदमाशों की ओर से किए गए डकैती के प्रयास में पुलिस ने एक व्यक्ति को पूछताछ के लिए पकड़ा है। उसका हुलिया सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहे युवकों से मिलता जुलता पाया गया है। कनीना सिटी थाना सहित सीआईए की टीमें मोबाइल लोकेशन डंप के आधार पर आरोपितों का सुराग लगा रही हैं। सोमवार को दोपहर 12 बजे दो हथियारबंद युवक ज्वैलरी की दुकान में घुसे और एक बाइक लिए बाहर खड़ा रहा। दुकान के अंदर घुसे दोनों हथयारबंद युवकों ने दुकानदार पर पिस्तौल तानकर लॉकर की चाबी देने की मांग की। उन्होंने दुकान में फायर भी किया जो छत की ओर जाकर लगा। ये पूरी घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके आधार पर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

## गलतफहमी: कार सवारों ने डंपर चालक को लात घूंसों से पीटा, आंत फटने से एक माह से अस्पताल में भर्ती

- ऑफिस से खाना खाकर बाहर निकलते ही कार से उतरे तीन चार लड़कों पर मारपीट करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव में जोहड़ खुदाई के कार्य में लगे एक डम्फर चालक की बुलेरो गाड़ी में आए युवकों ने गलतफहमी में जमकर पिटाई कर दी। मारपीट के दौरान डम्फर चालक के पेट में गंभीर चौट लगी। जिसके चलते डम्फर चालक गत एक महीने से निजी अस्पताल में उपचार करवा रहा है, लेकिन पेट में लगी गंभीर चोट अभी तक ठीक नहीं हुई। अब डम्फर चालक ने 22 अप्रैल को सदर थाना महेंद्रगढ़ में शिकायत देकर पिटाई करने वाले आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बुलेरो गाड़ी में आए तीन-चार अज्ञात युवकों के खिलाफ धारा 307, 323 व 34 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राजस्था में झुंझुनूं जिला के गांव निहालोठ वासी विक्रम ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले के गांव गुलावला में जोहड़ खुदाई का कार्य किया जा रहा है। जहां पर वह जोहड़ दुखाई की मिट्टी डम्फर में भरकर बाहर निकालता था। 22 मार्च रात करीब सवा नौ बजे गुलावला जोहड़ पर बने ऑफिस से खाना खाकर बाहर निकला ही था कि कुक्सी की तरफ से एक बुलेरो गाड़ी आई। जिसमें से तीन-चार लड़के उतर और थप्पड़-मुक्के मारने लगे। जिसके कारण वह नीचे गिर गया। इसके बाद उसे लातों ने मारा। जिससे छोटी आंत फट गई। शोर सुनकर ऑफिस मुंशी संजय कुमार निवासी करिरा व एक-दो साथी ड्राइवर साथी बाहर आए और उन्हें छुड़वाया। शिकायतकर्ता ने बताया कि पिटाई के दौरान मारपीट करने का कारण पूछा तो आरोपितों ने कहा कि तुम डेरोली अहीर पेट्रोल पम्प के पास एक्सीडेंट करके भाग आए हो तथा डम्फर अंदर खड़ा कर दिया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उसने अपने स्तर पर पता किया तो पता चला की उक्त डम्फर पर मेवात का मोहम्मद सरिफ नामक चालक काम करता है। पीड़ित ने शिकायत में आरोप लगाया कि आरोतिपों ने बिना पूछे उसे गंभीर चौट मारी, जिससे उसके पेट की छोटी आंत फट गई। जिस पर उसे नांगल सिरोही स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती करवाया। जहां से चिकित्सकों ने उसे प्राथमिक उपचार देकर गंभीर हालत के चलते पीजीआईएमएस रोहतक रेफर कर दिया। जिस पर परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया।

### कनीना स्कूल बस हादसा: अब तक आठ की हो चुकी है गिरफ्तारी

# चेयरमैन को भेजा जेल, एमडी का सुराग नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना




**कनीना।** चेयरमैन को अदालत में पेश करने ले जाते पुलिस कर्मी

उन्हाणी के पास स्कूल बस हादसे में आरोपित आठ को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। इन आठ में शामिल आरोपित स्कूल चेयरमैन राजेंद्र लोढ़ा की रिमांड अवधि समाप्त होने अदालत में पेश किया गया। जहां अदालत के आदेश पर आरोपित को 26 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए गए। वहीं अभी इस मामले में स्कूल एमडी सुभाष लोढ़ा की गिरफ्तारी बाकी है। वह अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

जानकारी के मुताबिक कनीना में कोसली रोड पर जीएल पब्लिक स्कूल है। यह स्कूल ईद पर्व पर सरकारी छुट्टी होने के बावजूद खुला था। इसी स्कूल की बस को चालक शराब के नशे में चला रहा था, जो उसी दिन सुबह दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी। उस वक्त बस में 40 के करीब विद्यार्थी सवार थे। हादसे में छह विद्यार्थियों की मौत हो गई थी और अन्य घायल हो गए थे। इस हादसे की सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से पूरे देश में फैल गई थी। इसके बाद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री सहित विपक्षी पार्टियों के नेताओं ने गहरा दुख प्रकट कर निष्पक्ष जांच होने की बात कही थी। जिला प्रशासन ने भी मामले को गंभीरता से लिया और उसी दिन बस चालक आरोपित को गिरफ्तार किया। मेडिकल करवाया गया तो वह नशे में मिला। इसके बाद एक छात्रा की शिकायत पर मामला दर्ज कर स्कूल से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी शुरू की। बस में चालक के साथ शराब पीने वाले दोस्तों को भी पकड़ा गया। कुछ दिन पुलिस की नजर से बच कर रहे स्कूल चेयरमैन राजेंद्र लोढ़ा को भी रेवाड़ी के गांव बव्वा से गिरफ्तार कर लिया गया था। एसडीजेएम अदालत ने उसका पांच दिन का पुलिस रिमांड दिया था। इस रिमांड अवधि को पूरा करने के बाद मंगलवार आरोपित चेयरमैन को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें 26 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### क्या कहते है डीएसपी

डीएसपी महेंद्र सिंह ने बताया कि बस चालक धमेंद्र वासी सेहलंग, स्कूल की प्राचार्या दीप्ति राव व शिक्षा समिति के सचिव होशियार सिंह को पुलिस ने पहले ही हिरासत में ले लिया था। इसके बाद चालक के साथ बस में शराब पीने वाले हरीश, भूदेव, संदीप व नरेश कुमार को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। अब तक इस मामले में स्कूल चेयरमैन राजेंद्र लोढ़ा, प्रिंसिपल सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। स्कूल के एमडी सुभाष लोढा को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें छापेमारी कर रही हैं।




# 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का हुआ ऐलान

**मुंबई।** जीवन जे कांग और नवीन जॉन की वेब सीरीज 'द लीजेंड ऑफ हनुमान' के तीनों सीजन को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला है। अब हनुमान जयंती के खास मौके पर निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, उन्होंने 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' के चौथे सीजन का ऐलान कर दिया है, जिसका प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' जल्द डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। डिज्नी+ हॉटस्टार ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'द लीडेंज ऑफ हनुमान' का टीजर साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'बजरंगबली ने बुलाया है, आना तो पड़ेगा।'

लाइफStyle


# सारा अली

## 'मेट्रो इन दिनों' थिएटर में धमाल मचाने तैयार

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म 'मेट्रो इन दिनों' काफी चर्चा में है। वहीं फिल्म में पहली बार सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर बड़े पर्दे पर एक साथ नजर आने वाले हैं। इसी बीच फिल्म की नई तारीख की घोषणा कर दी गई है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एक बार फिर फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने इस फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। हाल ही में कोंकणा सेन शर्मा नेपोस्ट को शेयर करते हुए, उन्होंने लिखा कि, "तैयार हो जाइए शहरी रोमांस देखने के लिए, जो इससे पहले आपने पहले कभी नहीं देखा होगा। 'मेट्रो इन दिनो' 29 नवंबर 2024 में को सिनेमाघरो में रिलीज होने वाली हैं। आपको बता दें, इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु और भूषण कुमार ने किया है। वहीं जहां एक तरफ, इस एंथोलॉजी फिल्म में सारा अली खान और आदित्य रॉय कपूर पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे। वहीं दूसरी तरफ, कई और नई जोड़ियां अपना जलवा दिखाएंगी। इसके साथ ही इस फिल्म में कोंकणा सेन शर्मा, नीता गुप्ता, फातिमा सना शेख, अनुपम खेर, अली फजल भी अहम रोल प्ले करने वाले हैं। ऐसे में अब वह एंथोलॉजी फिल्म 'मेट्रो... इन दिनों में बिल्कुल नई कास्ट के साथ दर्शको के बीच नजर आने वाली है। हालांकि, इस फिल्म को लेकर दर्शक काफी लंबे वक्त से इंतजार कर रहे हैं। दरअसल, अक्सर अनुराग बसु की फिल्म दिल छू देने वाली होती है।



हॉलीवुड मसाला



# मिशन इम्पॉसिबल-7 व 8 इंतजार खत्म

**लॉस एंजिलस।** टॉम क्रूज अभिनीत स्पाई एक्शन सीरीज 'मिशन इम्पॉसिबल 7' और 'मिशन इम्पॉसिबल 8' की दो फिल्मों की रिलीज डेट को अमेरिका और यूरोप भर में कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आगे बढ़ा दिया गया है। 'वैराइटी' की रिपोर्ट के मुताबिक 'मिशनः इम्पॉसिबल 7', जो पहले 30 सितंबर को रिलीज होने वाली थी। इससे पहले 'मिशनः इम्पॉसिबल 8', जो 7 जुलाई, 2023 को रिलीज होने वाली थी लेकिन अब 28 जून 2024 को रिलीज होगी।





# डिप्रेशन से जूझ रही थीं मिस चेसली...

**लॉस एंजिलस।** मिस यूएसए 2019 चेसली क्रिस्ट ने 30 जनवरी, 2022 को आत्महत्या कर ली थी। उनकी न्यूयॉर्क की 60 मंजिला बिल्डिंग से गिरकर मौत हुई थी। अब उनकी आत्महत्या को लेकर बड़ा खुलासा हुआ है। चेसली की मां अप्रैल सिमप्किंस द्वारा सह-लिखित उनके नए संस्मरण के मुताबिक, वह इंपोस्टर सिंड्रोम और हाई-फंक्शनिंग डिप्रेशन से पीड़ित थीं। चेसली ने लॉ और एमबीए की डिग्री हासिल की थी। उनका सफल करियर था, लेकिन उन्हें लगता था कि वह अच्छी नहीं हैं। चेसली ने अपने संस्मरण में खुलासा किया कि ऑनलाइन मिलने वाले नफरती संदेशों ने उनकी असुरक्षा को बढ़ा दिया था। इससे उन्हें इंपोस्टर सिंड्रोम हो गया।



# डॉक्यूमेंट्री के लायक है मेरी कहानी...

**मुंबई।** नोरा फतेही फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई की, वहीं इसमें नोरा के अभिनय की भी फिल्म में तारीफ हुई। अपनी इस फिल्म की रिलीज के बाद से नोरा काफी मुखर हो गई हैं और बड़ी बेबाकी से अपने विचार रख रही हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड के शादीशुदा जोड़ों पर निशाना साधा था। हाल ही में उन्होंने अपने जीवन पर फिल्म बनने की बात कही। एक इंटरव्यू में नोरा ने कहा, मेरे पास एक कहानी है और एक दिन मैं इस पर डॉक्यूमेंट्री बनाना चाहूंगी। इस बारे में बात करना चाहूंगी कि कैसे नोरा नाम की लड़की एक जगह आती है। वो भारतीय नहीं है, लेकिन वो बॉलीवुड में आई, उसने हिंदी भाषा सीखी और सभी बाधाओं को तोड़ते हुए वह आगे बढ़ी।



# डीपफेक वीडियो के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मुंबई।** अभिनेता आमिर खान के बाद अब बॉलीवुड एक्टर रणवीर सिंह ने भी अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ लीगल एक्शन लिया है। रणवीर ने डीपफेक वीडियो को लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। बता दें कि बीते दिनों अभिनेता आमिर खान, रश्मिका मंदाना, नोरा फतेही समेत कई सितारे डीपफेक वीडियो का शिकार हो चुके हैं। इस मामले में एक्टर रणवीर सिंह भी फंस गए हैं। इन दिनों अभिनेता का एक डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। वहीं इस मामले को लेकर रणवीर सिंह ने कानूनी एक्शन लेते हुए अपने डीपफेक वीडियो के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। इस वीडियो में उन्हें देश में जारी लोकसभा चुनाव के बीच एक राजनीतिक पार्टी का प्रमोशन करते देखा जा सकता है।

फिल्मी मसाला

# रेखा ने सेट पर जड़ दिया था एक्ट्रेस को थप्पड़...

**मुंबई।** जिंदगी की तरह ही फिल्मों में भी सीखने-सिखाने का सिलसिला ताउम्र चलता रहता है। जब भी कोई नया-नवेला एक्टर फिल्मों की दुनिया में कदम रखता है तो उसके मन में कई तरह के संशय रहते हैं कि क्या वह इतने लोगों के बीच में अपनी अलग पहचान बना पाएगा या नहीं। डेब्यू फिल्म के दौरान अक्सर एक्टर डरे-सहमे रहते हैं और जब वह पहली ही फिल्म में किसी सीनियर एक्टर संग काम करते हैं तो डर और घबराहट का बढ़ना तो लाजमी है। बरसों पहले आई एक फिल्म के सेट पर नई-नेवेली एक्ट्रेस संग ऐसा ही कुछ हुआ था। पहली ही फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें इतना जोरदार झटका लगा कि वह घंटों तक रोती रह गईं। आज ये एक्ट्रेस फिल्म लाईन से दूर होकर लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।



## आरती छाबड़िया ने लज्जा से किया था डेब्यू

एक्ट्रेस आरती छाबड़िया ने साल 2001 में आई राजकुमार संतोषी के निर्देशन में बनी फिल्म 'लज्जा' से बॉलीवुड डेब्यू किया था। महिलाओं पर आधारित इस फिल्म में उन्होंने एक नहीं बल्कि कई दिग्गजों संग स्क्रीन शेयर किया था। 'लज्जा' में आरती छाबड़िया संग रेखा, माधुरी दीक्षित, महिमा चौधरी, सोनाली बेंद्रे, जैकी श्रॉफ, अजय देवगन, डैनी, गुलशन ग्रोवर जैसे कई मंझे हुए कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आए थे।

## रेखा ने आरती को जड़ा था थप्पड़

इस फिल्म में एक ऐसा सीन था जिसमें रेखा को एक्ट्रेस आरती छाबड़िया को कई थप्पड़ झड़ने होते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक नई-नवेली एक्ट्रेस को इस सीन के बारे में पहले से कोई जानकारी नहीं थी जिसकी वजह से जब ये सीन शूट हुआ तो उन्हें जोरदार झटका लगा था। रेखा ने सीन के अनुसार एक के बाद एक उन्हें कई थप्पड़ जड़ डाले थे जिस वजह से एक्ट्रेस गहरे सदमे में चली गईं।

## अब फिल्मों से दूर कमाती हैं करोड़ों

वह 'तुमसे अच्छा कौन है' में नकुल कपूर, 'आवारा पागल दीवाना' में अक्षय कुमार, 'राजा भईया' में गोविंदा और 'पार्टनर' में सलमान खान संग काम कर चुकी हैं। बॉलीवुड में कुछ खास सफल न होने के बाद एक्ट्रेस ने कई भाषाओं की फिल्मों में किस्मत आजमाई, लेकिन जब उन्हें वहां भी सफलता न मिली, तो उन्होंने फिल्मी पर्दे से दूरी बना ली। आज ये एक्ट्रेस लाइफस्टाइल और फैशन वीडियोज के माध्यम से करोड़ों रुपये कमाती हैं।

# *ये सितारे एक ही फिल्म में बने हीरो और विलेन, खुद से ही किए दो-दो हाथ...*

***मुंबई।** बॉलीवुड में आपने कलाकारों को फिल्मों में तमाम नए-नए प्रयोग करते देखा होगा। कुछ कलाकार अपना किरदार निभाने के लिए किसी भी हद तक चले जाते हैं और जोखिम उठाने से भी परहेज नहीं करते। हालांकि, सबसे मुश्किल होता है फिल्म में 2 अलग-अलग किरदार निभाना। कई सितारों ने फिल्मों में हीरो के साथ-साथ विलेन की भूमिका को अंजाम दिया है। आज हम आपको उन्हीं कलाकारों से मिलवा रहे हैं, जो पर्दे पर खुद से ही भिड़ते नजर आए हैं।*

*__अमिताभ बच्चन :__ शुरुआत करते हैं अमिताभ बच्चन से, जिन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में हीरो और खलनायक की भूमिका निभाई हैं, लेकिन 1978 में आई फिल्म 'डॉन' में उन्होंने न सिर्फ हीरो, बल्कि विलेन का किरदार भी बड़े शानदार तरह से निभाया। फिल्म में वह 'विजय' और 'डॉन' के किरदार में नजर आए थे। उन्हें उनके उम्दा अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फिल्मफेयर पुरस्कार भी मिला था। जी5 पर अमिताभ की यह फिल्म मौजूद है। फिल्म आखिरी रास्ता में बाप और बेटे की भूमिका निभाई। महान फिल्म में भी अमिताभ ने तीन रोल निभाए थे।*



*__अक्षय कुमार :__ अभिनेता अक्षय कुमार इन दिनों फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने करियर में कई फिल्मों में खलनायक की भूमिका निभाई और दर्शकों से जमकर वाहवाही लूटी। अक्षय 1997 में रिलीज हुई फिल्म 'अफलातून' और 'खिलाफी 420' में डबल रोल में नजर आए थे, जिसमें उन्होंने हीरो और विलेन दोनों की भूमिका खुद ही निभाई थी। 'अफलातून' यूट्यूब पर तो 'खिलाड़ी 420' जी5 पर देखी जा सकती है।*

*__शाहरुख खान :__ शाहरुख खान ने कई हिट और सुपरहिट फिल्में कीं। 'डुप्लीकेट' उनके करियर की बेहतरीन फिल्मों में शुमार है, जिसके लिए उन्हें न सिर्फ दर्शकों, बल्कि समीक्षकों से भी खूब सराहना मिली। नेटफ्लिक्स और अमेजन प्राइम वीडियो पर मौजूद यही वो पहली फिल्म थी, जिसमें शाहरुख को हीरो के साथ-साथ विलेन के रूप में भी देखा गया। इसके बाद उन्होंने 'डॉन' और 'फैन' में भी सकारात्मक और नकारात्मक भूमिका निभाई। अमेजन प्राइम वीडियो पर ये दोनों फिल्में मौजूद हैं।*



# 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में हुई शुमार

**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री आलिया भट्ट 'टाइम' मैग्जीन की 100 सबसे प्रभावशाली हस्तियों में शामिल हो गई हैं। टाइम मैग्जीन ने अपनी 100 सबसे प्रभावशाली शख्सियतों की लिस्ट जारी की है, जिसमें आलिया भट्ट का भी नाम शामिल है। आलिया भट्ट ने इस बात की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करके दी है। आलिया ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, #टाइम100 का हिस्सा बनकर सम्मानित महसूस कर रही ही। आपके दयालु शब्दों के लिए सबसे प्यारे #टॉमहार्पर को धन्यवाद। आलिया भट्ट को लेखक-निर्देशक और फिल्म निर्माता टॉम हार्पर ने 'अद्भुत टैलेंट' में से एक बताया। उनकी प्रोफाइल में लिखा गया है कि आलिया दुनिया की टॉप एक्ट्रेसेस में से एक हैं।

## साउथ की इन फिल्मों ने एक्टर को बनाया मेगा पावरस्टार

# आरआरआर से बॉलीवुड में रामचरण ने बिखेरा जलवा

**मुंबई।** साउथ सिनेमा में बड़ा नाम बना चुके राम चरण की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। एक्टर और निर्माता राम चरण ने 27 मार्च को अपना 39वां जन्मदिन मनाया। उनका जन्म चेन्नई में तेलुगु सुपरस्टार चिरंजीवी के घर हुआ था। वह भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले कलाकारों में से एक हैं। राम चरण ने 2007 में फिल्म चिरुथा से अपने फीचर करियर की शुरुआत की। उन्हें 2009 में एस.एस. राजामौली की फंतासी एक्शन फिल्म मगधीरा से प्रसिद्धि मिली, जो उस समय सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तेलुगु फिल्म बन गई।

***कई अवॉर्ड और पुरस्कार जीते :*** अपने शानदार करियर में राम चरण ने कई अवार्ड और पुरस्कार जीते हैं। आज राम चरण न सिर्फ साउथ सिनेमा बल्कि बॉलीवुड में भी लोकप्रिय एक्टर हैं। राम चरण की आरआरआर देखने के बाद फैन्स इनके दीवाने हो गए लेकिन बॉलीवुड दर्शक स्टार की उन फिल्मों को नहीं जानते जिनसे साउथ में धमाल मचाया। आइए जानते हैं रामचरण की बेस्ट मूवीज।

**नायक :** साल 2013 में सिनेमाघरों में आई फिल्म नायक में राम चरण के किरदार ने फैन्स का दिल जीत लिया। नायक की कहानी में एक युवक और उसका हमशक्ल अन्याय का मुकाबला करने और खलनायकों के खिलाफ अपने प्रतिशोध को निपटाने के लिए एकजुट होते हैं।

**चिरुथा :** फिल्म में राम चरण को एक गरीब आदमी के रूप में दिखाया गया है जिसे गलत तरीके से हत्या का दोषी ठहराया जाता है और जेल भेज दिया जाता है। चिरुथा साल 2007 में रिलीज हुई थी।

**मगधीरा :** साल 2009 में काजल अग्रवाल के साथ राम चरण की फिल्म मगधीरा आज भी फैन्स के जहन में है। फिल्म की कहानी राजकुमारी को बचाने के प्रयास के बाद 400 साल बाद एक योद्धा का पुनर्जन्म होता है और राज्य के परिणामस्वरूप उसकी और राजकुमारी की मृत्यु हो जाती है। अपने खोए हुए प्यार को वापस पाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर, वह चुनौतियों से पार पाने और सभी बाधाओं के खिलाफ विजयी होने के लिए एक नई यात्रा पर निकलता है।

**ऑरेंज :** साल 2010 में आई ऑरेंज में राम चरण एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका निभाते हैं जो स्थायी प्रेम में विश्वास नहीं करता है और एक जीवंत रोमांटिक रिश्ते का पीछा करता है। हालाँकि, प्यार के बारे में उनकी परस्पर विरोधी मान्यताएँ उन्हें अलग रखती हैं।

### टॉप हिट फिल्में....



**येवाडू :** अल्लू अर्जुन के साथ राम चरण की येवाडू 2014 में सिनेमाघरों में दस्तक देते ही हिट साबित हुई थी। फिल्म में राम चरण ने एक ऐसे युवा व्यक्ति का किरदार निभाया है, जो गंभीर चोटों से पीड़ित होने और अपने प्रेमी को एक क्रूर हमले में मरते हुए देखने के बाद, जीवन बचाने के लिए चेहरे का प्रत्यारोपण कराता है। वह एक नए रूप के साथ अपने प्रतिद्वंद्वियों से अपनी पहचान छिपाते हुए बदला लेना चाहता है। उनका ताजा चेहरा उनके जीवन में अप्रत्याशित कठिनाइयों और जटिलताओं को प्रस्तुत करता है।

**गोविंदुडु अंदारिवाडेले (येवाडू 2) :** फिल्म एक ऐसे व्यक्ति की कहानी है जो अपने परिवार में दरार के कगार पर होने की तलाश में भारत लौटता है। चीजों को गंभीरता से न लेने की आदत के बावजूद, उसे अपने परिवार के रिश्तों को सुधारने का प्रयास करना चाहिए।

**ब्रूस ली- द फाइटर:** राम चरण और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म ब्रूस ली द फाइटर साल 2015 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में राम चरण को एक स्टंटमैन के रूप में दिखाया गया है जिसे एक आदर्शवादी महिला गलती से पुलिस अधिकारी समझ लेती है। वास्तविक अधिकारी न होने के बावजूद, वह पुलिस की ओर से अपराध से लड़ने की भूमिका निभाता है।

## ऑस्कर विजेता फिल्म आरआरआर

ऑस्कर विजेता फिल्म दो प्रसिद्ध क्रांतिकारियों की काल्पनिक कहानी और 1920 के दशक में अपने देश के लिए लड़ने के उनके रास्ते का वर्णन करती है। वहीं ध्रुव एक समर्पित पुलिस अधिकारी देश के सबसे भ्रष्ट व्यक्ति सिद्धार्थ अभिमन्यु को मार गिराने के बेहद खतरनाक मिशन पर है।

## रामचरण की गेम चेंजर ने मचाई धूम

रामचरण की फिल्म गेम चेंजर 14 अप्रैल को रिलीज होने के बाद से धूम मचा रही है - गेम चेंजर एक आगामी तेलुगु भाषा की एक्शन से भरपूर राजनीतिक थ्रिलर फिल्म है, जिसे कार्तिक सुब्बाराज द्वारा लिखित और निर्देशित किया गया है, एस. शंकर अपनी तेलुगु निर्देशन की शुरुआत कर रहे हैं। दिल राजू और सिरीश ने इसे श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले निर्मित किया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेन से प्लास्टिक के कट्टे में अवैध शराब बरामद

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने हिसार-जयपुर पैसेंजर ट्रेन से अवैध शराब बरामद की है। जीआरपी के अनुसार जयपुर जा रही पैसेंजर ट्रेन की चरखी दादरी रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की जा रही थी, तो इंजन से तीससे कोच में एक प्लास्टिक का कट्टा नजर आया। यात्रियों से पूछताछ करने पर किसी ने कट्टे पर दावा नहीं जताया। जीआरपी ने कट्टे को चेक किया तो उसमें 50 पव्वे शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेने के बाद एक्साइज एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया।

### मारपीट व धमकी के आरोपित भेजे जेल

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने गिंदोखर में मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने गांव निवासी कैलाश शर्मा, देव आशीष व हरिओम को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जमानत नहीं मिलने के कारण जेल भेज दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न के मामलों में दो गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक विवाहिता की शिकायत के आधार पर 10 मार्च को उसके ससुराल पक्ष के लोगों पर केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने बालियर खुर्द निवासी दिनेश कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 5 अप्रैल को दर्ज किए गए दूसरे मामले में माजरा निवासी रोहित को गिरफ्तार किया है। बाद में उन्हें पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### गाड़ी रुकवाकर मारपीट का केस दर्ज

**धारूहेड़ा।** एमटूके सोसायटी में रहने वाले व्यक्ति की गाड़ी रुकवाकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। सोसायटी में रह रहे मूल रूप से यूपी के बिजरौल निवासी हिमांशु ने आरोप लगाया कि वह गाड़ी लेकर जा रहा था, तो गाड़ी के आगे बाइक लगाकर इसी सोसायटी में रहने वाले जगविंद्र ने उसके साथ मारपीट करने हुए धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसकी तलाश शुरू कर दी।

### महिला के साथ दुष्कर्म का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** महिला थाना पुलिस ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक महिला की शिकायत के आधार पर 18 मार्च को दुष्कर्म का केस दर्ज किया था। इसके बाद आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने जांच के बाद हिमाचल प्रदेश के कोठी ब्याड़ा निवासी सुरजीत को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक काबू

**रेवाड़ी।** थाना रामपुरा पुलिस ने सड़क हादसे के बाद फरार हुए गाड़ी चालक को गिरफ्तार किया है। हादसे में घायल युवक के बयान पर 19 अप्रैल को केस दर्ज करने के बाद चालक की तलाश शुरू की थी। पुलिस ने महेंद्रगढ़ के बेगपुर निवासी सुशील को काबू किया।

---

### जिलेभर में पवन पुत्र हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम आयोजित

# कहीं आरती तो कहीं यज्ञ से जताई श्रद्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

बीपीएस स्कूल कुलताजपुर रोड में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ आरती कीजै हनुमान लला की, बजरंग बली की आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था चेयरमैन नरेश संघी व सचिव किशन चौधरी एडवोकेट थे। कक्षा आठवीं के छात्र मयंक ने हनुमान जी का वेश धारण कर उपस्थित दर्शकों को उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं जसमन व हरजत ने भगवान राम तथा लक्ष्मण की वेशभूषा में अपने भक्त हनुमान को अमर व पूजनीय होने का आशीर्वाद दिया। कक्षा सातवीं के छात्र-छात्राओं ने समूह गान श्रीराम जानकी बैठे है मेरे सीने में गाकर कार्यक्रम को ओर भक्तिमय बना दिया। कक्षा आठवी के छात्र-छात्राओं ने हनुमान चालीसा पर भक्तिमय एवं भावमय नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। इस मौके पर तरूण सोनी, बस्तीराम, संस्था प्रिंसिपल उदयभान राव आदि मौजूद थे।





नारनौल। हनुमान जी की झांकी प्रस्तुत करते बच्चे तथा हनुमान जयंती कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



नारनौल। हनुमान जयंती कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

### विद्या भारती स्कूल में हनुमान की प्रतिमा पर माल्यार्पण

**नारनौल।** विद्या भारती स्कूल निजामपुर में मंगलवार को हनुमान जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने महाबली हनुमान जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। वाइस चेयरपर्सन डा. उषा यादव ने बताया कि हर वर्ष चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान जी का जन्मदिवस मनाया जाता है। संस्था के प्राचार्य विनोद कुमार ने भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान के बारे में बताते हुए बच्चों को उनके आदशार्ें पर चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव, प्रबंधक निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव, निदेशक डा. रविंद्रा यादव, उपप्राचार्य रामदेव सिंह, किड्स ब्लॉक इंचार्ज विजय सोनी व समस्त अध्यापकगण मौजूद थे।

### सरस्वती स्कूल में हनुमान जन्मोत्सव पर कार्यक्रम

**नारनौल।** सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या क्षमा पाण्डेय व समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे। इस शुभ अवसर पर कक्षा आठवीं के छात्र अंशु ने हनुमान चालीसा का पाठ कर सभी को प्रफुल्लित किया, साथ ही कक्षा नौवीं की छात्रा तमन्ना व कक्षा दसवीं की छात्रा साक्षी ने हनुमान जी की बाल लीलाओं पर प्रकाश डाला। विद्यालय की अंग्रेजी की अध्यापिका मंजू चौधरी ने हनुमान जी के बलशाली रूप का वर्णन किया। मंच संचालक करते हुए संदीप ने राम भक्त हनुमान जी के जीवन पर प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय के संचालक मुकेश शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी।



नारनौल। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### कड़ियां वाला हनुमान मंदिर में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**नारनौल।** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर श्री कड़ियां वाला हनुमान मंदिर में बालाजी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में बालाजी दरबार को जयपुर के कारीगरों ने जरकिन व दिल्ली से मंगवाए गए विभिन्न प्रकार के फूलों व लाइटों से सजाया। प्रातःकाल मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ किया गया। जिसमें मुख्य यजमान गोपाल मित्तल, मनीष ठेकेदार व लोकेश शर्मा थे। मंदिर के प्रबंधक एवं पुजारी पंडित नरेंद्र शर्मा ने हनुमान जी के जन्मोत्सव के बारे में बताते हुए कहा कि भगवान हनुमान का जन्मदिन हनुमान जयंती के तौर पर मनाया जाता है। पुराणों के अनुसार हनुमान जी को श्रीराम का परम भक्त माना जाता है। इससे जुड़ी कई कथाएं भी हैं। वैसे बजरंगबली के भक्तों में हनुमान जयंती को लेकर खासा उत्साह रहता है। हनुमान जयंती पर हनुमान जी की पूजा का विशेष महत्व है। इस बार खास है हनुमान जन्मोत्सव हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, यह माना जाता है कि भगवान हनुमान का जन्म मंगलवार को हुआ था और इस साल संयोग से हनुमान जन्मोत्सव भी इसी दिन है। ऐसे में इस बार यह दिन अपने आप में ही विशेष है। उन्होंने कहा कि हनुमान जी को भगवान शिव का अवतार माना जाता है। हिंदू धर्म में इन्हें कलियुग का जागृत देवता माना जाता है। पूर्ण आहुति के बाद हनुमान जी को भोग लगाया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर कपिल शर्मा, नवनीत, गोपाल मित्तल, संजय गर्ग, मनीष ठेकेदार, तोताराम सैनी, संजय शर्मा पटीकरा, पुनीत शर्मा, रचित शर्मा, विक्की आदि मौजूद थे।

---

## श्रीश्याम मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव बवाना के श्रीश्याम मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य धर्मशरण बृजवासी ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान श्रीकृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया, तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। कथा का आयोजन पूर्व कैप्टन नित्यानंद यादव के सानिध्य में किया जा रहा है। अध्यक्ष सुदेश यादव ने महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला, साथ ही उन्होंने भक्तों से कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का रसपान हर व्यक्ति को करना चाहिए। इस मौके पर संस्कार भारती डिग्री कॉलेज पाली के चेयरमैन सुदेश यादव, पंडित मनीष, पंडित महेश, शिव, कन्नू, कृष्णा देवी, सुमित्रा देवी, सुदेश देवी, कविता देवी, ममता आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। कथा के दौरान रसपान करते कथावाचक। फोटो : हरिभूमि

## हकेंवि में दो दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग की ओर से पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में प्लैनेट बनाम प्लास्टिक पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यक्रम की शुरूआत हुई। विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने अपने संदेश के माध्यम से कहा कि विश्वविद्यालय में पृथ्वी दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक पर्यावरणीय कार्रवाई को प्रेरित करने की एक सराहनीय पहल है।

विश्वविद्यालय की शोध अधिष्ठाता प्रो. नीलम सांगवान ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी एकमात्र ग्रह है जहां जीवन मौजूद है। कार्यक्रम की संयोजक एवं पर्यावरण अध्ययन विभाग की अध्यक्ष डॉ. मोना शर्मा ने बताया कि इस वर्ष पृथ्वी दिवस की थीम प्लैनेट बनाम प्लास्टिक है। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। इसके बाद स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने पर्यावरणीय चिंताओं एवं उसके समाधानों पर केंद्रित स्लोगन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि आयोज के दूसरे दिन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

साथ ही राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के निदेशक एवं प्रसिद्ध पर्यावरणविद् डॉ. प्रवीण कुमार का विशेषज्ञ व्याख्यान होगा तथा विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन की समन्वयक डॉ. स्मिता ने पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी पर प्रसन्नता व्यक्त की।

इस कार्यक्रम में डॉ. अनिता सिंह, डॉ. विक्रम सिंह, डॉ. अनूप यादव व डॉ. भूपेंद्र सिंह सिहत विद्यार्थी एवं शोधार्थी उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में प्रतिभागिता करने वाले विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

---



- विजेता विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता में भाग लेते हुए। फोटो : हरिभूमि

## बीआर ज्ञानदीप में विज्ञान इंटर हाउस प्रश्नोत्तरी

**महेंद्रगढ़।** बीआर ज्ञानदीप विद्यालय में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य रामवीर यादव ने बताया कि यह प्रतियोगिता कक्षा नौवीं से 12वीं के बच्चों के लिए करवाई गई, जिसमें बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रुप में संस्थापक रामसिंह यादव उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के लिए बच्चों को चार समूहों में बांटा गया। प्रत्येक समूह से चार-चार विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का संचालन भौतिक विज्ञान प्रवक्ता सुदर्शन कुमार और विनय कुमार ने किया। प्रतियोगिता में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए, जिसमें रानी लक्ष्मीबाई सदन का प्रतिनिधित्व कर रहे छात्रों में लोकेश, प्रियंका, उत्सव और पायल ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। संस्थापक राम सिंह यादव ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को इनाम देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि हमें हर प्रकार की प्रतियोगिता में हिस्सा लेना चाहिए। यह प्रतियोगिता सिर्फ हार-जीत के लिए नहीं होती बल्कि अपने ज्ञान और कौशल में वृद्धि करने के लिए होती है। शिक्षा का अर्थ विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास, चहुंमुखी विकास से होता है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए सभी प्रतिभागियों आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्राइमरी हैड सीमा शर्मा, टीजीटी हेड सुजान सिंह, जितेंद्र यादव, कुलदीप यादव, अनीता, अनिल कुमार व गौतम सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जन्मदिन पर गरीबों में फल, मिठाई, खादय सामग्री और पाठय सामग्री का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जयहिंद जनसेवा फाउंडेशन के संयोजक व भाजपा के उपाध्यक्ष यतेन्द्र राव के जन्मदिन मंगलवार को अपने साथियों के साथ अटेली कस्बे के कई स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को फल, खाद्य सामग्री व पाठ्य सामग्री वितरित की। अस्पताल में मरीजों को भी फल आदि वितरित किए गए। युवाओं ने संकल्प भी लिया कि वो भी अपना जन्म दिवस जरूरतमंद को प्रोत्साहान कर मनाएंगे। युवा नेता यतेन्द्र राव ने कहा कि वो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित होकर अपने जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर उन्होंने दिन की शुरुआत मंदिर में भगवान के दर्शन के साथ दान दक्षिणा से की।



नारनौल। जयहिंद जनसेवा फाउंडेशन के संयोजक यतेन्द्र राव के जन्मदिन पर अटेली में जरूरतमंद लोगों को फल, खाद्य सामग्री व पाठ्य सामग्री वितरित करते हुए।

तत्पश्चात साथियों के साथ झुग्गी झोपड़ियों, अस्पताल में जाकर लोगों को राशन व मिठाई वितरित की। उनके साथी मनजीत ने बताया कि यतेन्द्र राव इस दिन अस्पताल, अनाथाश्रम, वृद्धाश्रम, मंदिर, गोशाला इत्यादि में ज़रूरत का सामान व दान करते हैं तथा अपने एनजीओ के बैनर तले माताजी डॉ. प्रो. कृष्णा यादव व पिता रिटायर्ड खनन अधिकारी राजकुमार यादव की प्रेरणा से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाते हैं व दूसरों को भी धर्म पुण्य सेवा के काम करने के लिए प्रेरित करते हैं। इस मौके पर सुरेश सरपंच मानपुरा, श्रद्धानन्द गोमला, मनजीत टिंकल, सुमित सोनी, कृष्ण नावदी, प्रेम जांगिड, सुरेश वशिष्ठ, सचिन भोजावास, सचिन रामबास, दीपक कनीना, आकाश तंवर, कालू प्रधान व अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### अवैध हथियार बेचने का आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** सीआईए धारूहेड़ा की टीम ने अवैध हथियार बेचने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी से नकदी भी बरामद हुई है। पुलिस ने गत वर्ष 21 अप्रैल को सूचना के आधार पर रूध निवासी सज्जन उर्फ हांडा के घर पर दबिश दी थी। पुलिस ने घर की किचन से एक देसी कट्टा और तीन कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो उसने बताया कि यह उसने यह हथियार राजस्थान के झाड़का निवासी हेमंत से खरीदा था। पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के बाद आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। अपराध अनुसंधान शाखा धारूहेड़ा की टीम ने इस केस में राजस्थान के कालाखाना निवासी नितेश यादव को गिरफ्तार किया है।

### मारपीट मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** चौ. रणबीर हुड्डा चौक के पास कमालपुर के एक युवक को टैंपो से टक्कर मारने के बाद मारपीट करने के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 31 मार्च को कमालपुर निवासी मोहित को टैंपो चालक ने टक्कर मार दी। इसके बाद अपने साथियों को बुलाकर उसके साथ मारपीट की थी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद भक्तिनगर निवासी गौरव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### किलोमीटर स्कीम बसों को चला रहे अनुभवहीन चालक हथेली पर रहती जान

**नारनौल।** कनीना में स्कूल बस हादसे के बाद राज्य सरकार ने प्राइवेट स्कूलों पर सख्त रूख अपना रखा है, लेकिन हरियाणा सरकार परिवहन विभाग में किलोमीटर स्कीम की बसों पर लगाए जा रहे चालकों पर शिकंजा नहीं कस रही। यह विचार नारनौल डिपो प्रधान अनिल भीलवाड़ा ने व्यक्त किए हैं। प्रधान अनिल भीलवाड़ा ने बताया कि इन किलोमीटर स्कीम की बसों पर कार्यरत चालकों का परिवहन विभाग के किसी भी अधिकारियों की कमेटी द्वारा न तो रोड टेस्ट लिया जा रहा है, न ही डग टैस्ट लिया जा रहा है और न ही जिगजैग टेस्ट लिया जा रहा है, जिस कारण आए दिन एक्सीडेंट हो रहे हैं। इन अनुभवहीन चालकों के कारण कई परिचालक तो विकलांग भी हो गए हैं और हमेशा सवारियों एवं परिचालकों की जान हथेली पर रहती है। इसलिए सरकार को किलोमीटर स्कीम की बसों की जगह रोडवेज बसों को परिवहन विभाग के बेडे में शामिल करना चाहिए ताकि आमजनता को परिवहन की बेहतरीन सुविधा व युवाओं को स्थाई रोजगार मिल सके।



## हनुमान जन्मोत्सव पर सीताराम मंदिर में यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के मोहल्ला संघीवाड़ा स्थित सीताराम मंदिर में मंगलवार को श्रीराम हनुमान गुणगान प्रचार मंडल एवं श्री मेहंदीपुर बालाजी सेवा संघ के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव को लेकर इस वर्ष बने विशेष संयोग के चलते यह हवन सुबह साढ़े पांच बजे मंदिर में सिद्ध सिंदूरी दक्षिण मुखी हनुमान जी की प्रतिमा के सम्मुख किया गया। हवन मंडल के संस्थापक ज्ञानस्वरूप शर्मा के सानिध्य में आचार्य क्रांति निर्मल शास्त्री ने सम्पन्न करवाया। हवन में बतौर यजमान दीपक शर्मा, अजय गुप्ता, विकास अग्रवाल, टींकू जैन व सुरेंद्र सैनी ने सपरिवार आहुति डाली। इसके अलावा शहर के अनेक लोगों ने अपने कष्ट निवारण हेतु आहुतियां डाली। इस अवसर पर आचार्य क्रांति निर्मल ने बताया कि मंगलवार होने के नाते तो हनुमान जयंती का विशेष संयोग है। इसके अलावा हमने जो सिद्ध सिंदूरी दक्षिण मुखी हनुमान जी के सम्मुख सुबह ब्रह्म मुहूर्त के दौरान ऐसे समय में हवन किया जो हनुमान जन्म के समय का था। उन्होंने बताया कि ऐसे संयोग में जिसने भी आहुति डाली है बालाजी उसकी मनोकामना पूर्ण करेंगे। हवन के बाद बालाजी महाराज का सवा पांच किलो मावे का केक भी काट कर भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।



नारनौल। हनुमान जयंती पर हवन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**Change of Name**

I, Lal Singh S/o Phool Singh R/o Village Mandlana Thesil Narnaul Distt. Mahendergarh declare that my name as mentioned as Rohtash S/o Shri Harphool Singh in my Drving license No. HR6620030192433. That my Correct name is Lal Singh S/o Shri Phool Singh in my Adhaar Card & other document. Lal Singh S/o Phool Singh & Rohtash S/o Har Phool Singh is the same person. Necessary Correction As Per Rule.

---

### किशोर न्याय अधिनियम व पोक्सो एक्ट को लेकर बैठक आयोजित

# शीघ्र व सस्ते न्याय का सशक्त माध्यम लोक अदालतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्देश्य न्यायालयों के बाहर दोनों पार्टियों की सहमति से विवादों का सुलहपूर्ण निपटारा करना है। संपत्ति की मांग, वित्तीय विवाद व वैवाहिक मुद्दों जैसे पारिवारिक विवादों को लोक अदालतों द्वारा व्यापक और प्रभावी ढंग से हल किया जाता है।

यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी शैलजा गुप्ता ने मंगलवार को एडीआर सेंटर में किशोर न्याय अधिनियमए पोक्सो एक्ट के संबंध में अधिकारियों की बैठक लेते हुए कही। इस अवसर पर सीजेएम ने कहा कि आगामी 11 मई को नारनौल, महेंद्रगढ़ व कनीना में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

इसमें लोग अधिक से अधिक अपने केस लगवाकर आपसी सहमति से केस का निपटारा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इसमें साल दर साल कोर्ट के चक्कर नहीं लगाने होते, बल्कि आपसी सहमति से मौके पर ही केसों का निपटारा कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अदालत में जो निपटारा हो जाता है, उसे जहां एक ओर आपसी भाईचारा बना रहता है, वहीं दूसरी ओर आर्थिक नुकसान होने से भी लोग बच जाते हैं। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पैनल अधिवक्ता अजय पांडेय, शिक्षा विभाग से अध्यापिका पुष्पा व पूनम, वन स्टॉप सेंटर से काउंसलर ओमप्रकाश, आंगनबाड़ी वर्कर, पुलिस अधिकारी व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



नारनौल। किशोर न्याय अधिनियम व पोक्सो एक्ट के संबंध में बैठक लेती सीजेएम शैलजा गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### पोस्को एक्ट की दी जानकारी

उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 01282-250322 तथा 15100 पर पर फोन कर भी कानूनी जानकारी ले सकते हैं। इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी संतोष कुमारी ने पोक्सो एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के साथ किसी भी प्रकार से सेक्सुअल शोषण करने वाले व्यक्ति पर इस एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। उन्होंने बताया कि इस कानून के तहत अलग-अलग किए गए अपराधों के लिए अलग-अलग सजा का प्रावधान है। इस अवसर पर जितेंद्र सिंह ने किशोर न्याय अधिनियम, अधिवक्ता गिरिबाला यादव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से मिलने वाली कानूनी सहायता व समाज कल्याण से गुरजीत सिंह ने पेंशन संबंधी जानकारी दी।

## खबर संक्षेप



कनीना। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### हनुमान जयंती पर कनीना में भंडारा आयोजित

**कनीना।** हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को 132 केवी पावर ग्रिड सब स्टेशन प्रांगण स्थित हनुमान मंदिर में बिजली निगम कर्मचारियों की ओर से 14वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह नौ बजे हवन किया गया। जिसमें हवासिंह, अजीत ने पत्नी सहित यजमान की भूमिका निभाई। जेई रामरतन शर्मा ने बताया कि सोमवार रात्रि के समय जागरण किया गया। जिसमें बाबा मोलड़नाथ सत्संग पार्टी ने धार्मिक भजन प्रस्तुत किए। वहीं गांव गुढ़ा के शिवालय मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। दोपहर सवा 12 बजे आयोजित इस पाठ में बडी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया।



नारनौल। हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाते श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

### प्राचीन लोहा मंडी मंदिर में मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**नारनौल।** प्राचीन लोहा मंडी स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान जी का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में हनुमान के दर्शन के लिए हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी। पुजारी रघुनंदन ने बताया कि लोहा मंडी हनुमान मंदिर के बाहर हर साल भंडारे का आयोजन होता है। इस अवसर पर पुनीत शास्त्री ने हनुमान जी की पूजा अर्चना की। उन्होंने सभी भक्तों राम नाम की धुन व हनुमान जी का भजन सुनाया। इस मौके पर राहुल पांडे, सोनू सोनी, विकास राव, दर्शन पटवारी, नवी पांडेय, सूरज, प्रदीप जाट, निशा शर्मा, सक्षम शर्मा मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। विद्यालय में पौधारोपण करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पर्यावरण विषय पर प्रतियोगिता आयोजित

**महेंद्रगढ़।** राजकीय माध्यमिक विद्यालय नांगल हरनाथ में मुख्य अध्यापक रोशनलाल के मार्गदर्शन में लड़कियों की पर्यावरण विषय पर प्रतियोगिता करवा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में मुस्कान प्रथम व आशु ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रोशनलाल ने कहा कि विज्ञान वरदान के साथ-साथ अभिशाप भी है। कन्या भ्रूण हत्या के मामले में यह सच्चाई सामने आ गई है। आज बेटा-बेटी सामान है। सरपंच प्रतिनिधि अजेंद्र सिंह ने कहा कि मनोज मेघनवास की देखरेख में पौधों में दवा पानी डाला गया है। पंचायत व स्कूल स्टाफ ने एक साथ मिलकर विद्यालय में सभी सुविधाएं प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।


### यह देश के भविष्य का चुनाव: राव रणजीत सिंह

# कांग्रेस हमेशा करती रही झूठ और बंटवारे की राजनीतिः मुख्यमंत्री

- राम भक्तों व रामद्रोहियों के बीच है यह चुनाव: रामबिलास शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को अनाज मंडी में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दस वर्ष में देश को नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ाया। उन्होंने 2014 के भाजपा के घोषणा पत्र में किए गए सभी वादों को पूरा किया। 25 मई को इस देश का भाग्य का फैसला होगा। भाजपा सरकार ने विकास सभी क्षेत्रों में एक समान बगैर किसी भेदभाव के कार्य किया है। विशेषकर दक्षिणी हरियाणा में विकास कार्यों को कोई कसर नहीं छोड़ी गई है। पिछले दिनों रेवाड़ी के माजरा में एम्स का शिलान्यास किया जा चुका है, तो गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस का तोहफा दिया गया। हरियाणा प्रदेश सैनिकों का है। वन रैंक वन पेंशन देने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया है। उन्होंने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि एक समय था कि नौकरी के लिए युवाओं को नेताओं के चक्कर काटने पड़ते थे। आज बिना खर्ची और बिना पर्ची के हरियाणा में नौकरियां मिल रही हैं। हमारी सरकार पारदर्शिता से कार्य कर रही है। अब कर्मचारियों के तबादले भी घर बैठे हो रहे हैं। सन 2014 के बाद से अंतिम टेल तक पानी पहुंचाने का कार्य किया गया है। भाजपा सरकार ने व्यवस्था सुधार करने का कार्य किया। किसानों की 14 फसलों को एमएसपी पर खरीदने का काम किया है। देश को योजनाबद्ध तरीके से देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। देश के अब 70 साल से ऊपर के बुजुगार्ं को आयुष्मान से जोड़ा जा रहा है। रेल व सड़क कनेक्टिवीटी को बेहतर करने का कार्य किया गया है। कांग्रेस के लोग झूठे वादे करते हैं। कांग्रेस की गारंटी का कोई विश्वास नहीं करता। आज हर कोई मोदी की गारंटी पर भरोसा कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि जिले में कमल खिलेगा, ताकत पीएम मोदी को मिलेगी।



नारनौल। विजय संकल्प रैली के दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व अन्य।

### रैली संयोजक विधायक पर भड़के सब्जी मंडी व्यापारी

नारनौल विधानसभा की रैली में सीएम नायब सैनी आएंगे। इसमें सभी की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए, इसलिए रैली में सब्जी मंडी के सभी व्यापारी पहुंचे। यह बात कहकर रैली संयोजक विधायक ओमप्रकाश यादव ने व्यापारियों के बीच आकर न्यौता दिया था। फिर भी हमारा नाम लिस्ट से काट दिया गया। यह दावा व विरोध सब्जी मंडी यूनियन के प्रधान अजीत सैनी ने मीडिया के सामने किया। प्रधान ने कहा कि विधायक व्यापारियों के पास आए थे और पूरा मान सम्मान करने की बात कही थी। अच्छे माहौल में बातचीत होने के बाद हम व्यापारियों ने माला-पगड़ी मंगवाई और अपनी बारी का इंतजार करने लगे। बाद में हमें बुलाया तक नहीं गया। उन्होंने विधायक पर आरोप लगाते हुए कहा कि सम्मान वाली लिस्ट से विधायक ओमप्रकाश यादव ने नाम हमारा काट दिया। ऐसा करके उन्होंने व्यापारियों को बेईज्जत किया है। हमारी सीएम नायब सैनी से कोई नाराजगी नहीं है। हमारी नाराजगी केवल ओर केवल विधायक ओमप्रकाश यादव से है।

### धर्मबीर को वोट देने से ही मोदी होंगे मजबूतः राव इंद्रजीत

निवर्तमान केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि आज हम एक ही मकसद से उपस्थित हुए हैं कि हम धर्मबीर सिंह की खैर मांगने आए हैं। हम धर्मबीर सिंह की खैर क्यों मांगते हैं। धर्मबीर को वोट देने का मतलब है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मजबूत करना। आज का दिन इलेक्शन देश की सरकार का है। 36 बिरादरी मिलकर निवेदन करने आए हैं, धर्मबीर सिंह को जिताओ। भारतीय जनता पार्टी देश के अंदर सिर्फ 10 साल से शासित है, लेकिन इन 10 साल में क्या क्या है, सभी वक्ताओं ने बताया है। यह चुनाव जिला परिषद, सरपंची व एमएलए का नहीं है। आज देश को आगे बढ़ाने का चुनाव है। देश की आजादी को सौ साल पूरे होंगे, तो उस समय क्या हम पहचाने जाएंगे कि हम विकसित देश हैं। यह चुनाव इसका है। हरियाणा में सन 2014 से पहले भाजपा सत्तासीन नहीं थी। यदि थी भी तो किसी न किसी के सहयोग से थी। अकेले अपने बलबूते पर नहीं थी। इतिहास के पन्ने पलटो, कभी चौ. देवीलाल तो कभी बंसीलाल के साथ और कभी हमारे पिताजी की विशाल हरियाणा पार्टी के साथ थी। मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने तो हरियाणा में 47 एमएलए आए थे। मोदी के प्रभाव व हरियाणा में रामबिलास शर्मा उस समय प्रधान थे। ये पहली बार हरियाणा में भाजपा की सरकार लेकर आए। उन्होंने भाजपा की ओर से किए गए विकास कायार्ं के बल पर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे।

### यह चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच : रामबिलास शर्मा

पूर्व शिक्षामंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि देश की संपदा पर सबसे पहले अल्पसंख्यकों का अधिकार है। ये चुनाव रामभक्तों और रामद्रोहियों के बीच है। हम रामकृष्ण की औलाद हैं। कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति करती है। देश को बांटने की राजनीति करती रही है। जब से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सत्ता संभाली है तो सनातन का मान सम्मान बढ़ा है। देश को राममंदिर के रूप में तोहफा मिला है। नरेंद्र मोदी की वजह से भारत का नाम विदेशों में भी सम्मान के साथ लिया जाने लगा है। कभी भारत के नेताओं के अमेरिका वीजा नहीं लगाता था। आज वहीं अमेरिका प्रधानमंत्री के स्वागत में खड़ा रहता है। उन्होंने कहा कि देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। हम सब भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह को तीसरी बार जिताकर मोदी के हाथ मजबूत करने के लिए सहयोग दें। उन्होंने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के विरूद्ध कांग्रेस को कोई प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह भी गुरुग्राम से भारी बहुमत से जीत कर मोदी सरकार बनाने में सहयोग करने जा रहे हैं।

### 10 साल में हरियाणा व देश ऊंचाई पर पहुंचा : डा. अभय सिंह यादव

सिंचाई राज्यमंत्री डा. अभय सिंह यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि 10 साल के विकास कायार्ं के बल पर चौ. धर्मबीर सिंह को जिताने का आह्वान किया। रैली के आयोजक विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री ओमप्रकाश यादव ने भी 10 वर्ष के केंद्र व राज्य सरकार के कायार्ं के बलबूते पर भाजपा प्रत्याशी के लिए समर्थन मांगा। सभा को अटेली के विधायक सीताराम यादव, कोसली के विधायक लक्ष्मण यादव, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, महिला जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, गुरुग्राम भाजपा की पूर्व जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने भी संबोधित किया। इस मौके पर गोविंद भारद्वाज, धर्मपाल चौधरी, पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, शिवकुमार मेहता, पवन खैरवाल, जेपी सैनी, विद्यानंद लांबा, कृष्ण अवतार, संदीप यादव नीरपुर, सुनील यादव मुसेपुर, छोटेलाल चेयरमैन, मेजर ईश्वर सिंह, माया सैनी, सरला यादव, राजकुमार नांगलकाठा, सुमेर चेयरमैन, रोहताश, कालू टांडू आदि मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। कार्यक्रम के दौरान अपने विचार रखते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

## पर्यावरण जागरूकता पर व्याख्यान आयोजित

### राजकीय कॉलेज में हुआ कार्यक्रम

- प्राचार्य ने किया कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राजकीय महाविद्यालय के कांफ्रेंस हॉल में इको क्लब के तत्वाधान में पर्यावरण के ज्वलंत एवं महत्वपूर्ण मुद्दों पर विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण एवं इको क्लब प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने विधिवत रूप से किया। कार्यक्रम में मुख्यवक्ता केंद्रीय विश्वविद्यालय के पर्यावरण अध्ययन विभाग से डॉ. अनूप यादव रहे। मुख्यवक्ता डॉ. अनूप यादव ने विद्यार्थियों को विभिन्न पर्यावरणीय मुद्दों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सूक्ष्म प्लास्टिक जीवन के लिए एक बहुत बड़ा खतरा है। यह प्रकृति में बेहद अस्थायी है और अप्रकृतिक प्रदूषण का मुख्य स्रोत बन चुका है। सूक्ष्म प्लास्टिक का उपयोग आजकल व्यापक रूप से हमारे जीवन में हो रहा है, जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक मुख्य है।

वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि छोटे सूक्ष्म प्लास्टिक अणु जल, वायु और भूमि में छिप जाते हैं और जीवों के लिए हानिकारक होते हैं। जब ये प्लास्टिक अणु जल में विघटित होते हैं, तो वे मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं, क्योंकि वे पोषक तत्वों को उच्च स्तर पर जल में घुलने की क्षमता रखते हैं और जल शुद्धता को खतरे में डालते हैं जो जीवन के लिए खतरा है। इस अवसर पर इको क्लब के प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, सह-प्रभारी डॉ. अश्विनी कुमार, डॉ. रविंद्र कुमार, विनोद कुमार व दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### आने वाली पीढ़ियों को लेकर संवेदनशील रहना होगा

प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने कहा कि सतत आर्थिक विकास के लिए हमें प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग करने की जरूरत है, लेकिन इसे ध्यान में रखते हुए कि इनका उपयोग आने वाली पीढ़ियों के लिए भी सुरक्षित और संवेदनशील रहे। यह ध्यान रखने के लिए हमें उन प्राकृतिक पदार्थों का उपयोग करना चाहिए जो समृद्धि को बढ़ाने में मदद करते हों, लेकिन साथ ही पर्यावरण को भी बनाए रखते हों। कार्यक्रम का मंच संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. अश्वनी कुमार ने किया। इको क्लब प्रभारी प्रो. जितेंद्र कुमार वशिष्ठ ने कहा कि पर्यावरण अध्ययन के क्षेत्र में डॉ. अनूप यादव की विशेषज्ञता और अनुभव निस्संदेह प्रासंगिक पर्यावरणीय मुद्दों पर इस महाविद्यालय के विद्यार्थियों के ज्ञान और समझ को समृद्ध करेगा।

## तहसीलदार परिसर में सुनी आमजन की शिकायतें

- अधिकारियों को दिए प्राथमिकता से समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

तहसीलदार मदनलाल शर्मा ने मंगलवार को साप्ताहिक कैंप कार्यालय में आमजन की शिकायतें सुनीं। इस दौरान उनके सामने 16 नागरिकों की शिकायतें आई जिनमें से अधिकांश का मौके पर निपटान किया। तहसीलदार के सामने अवैध कब्जे, बिजली, पानी, पीपीपी व राजस्व सहित कई अन्य मामले भी आए जिनको उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। इस मौके पर कृषि विभाग से एसडीओ गजानंद, पीडब्ल्यूडी विभाग से एसडीओ कृष्ण कुमार, एसईपीओ कृष्णपाल व प्रवीन कुमार, जिला समाज कल्याण विभाग से प्रदीप कुमार, श्रम विभाग से सुरेंद्र लांबा, आयुष विभाग से अनिल कुमार, क्रिड विभाग से अनिता भालोठिया, रवि तंवर बसई, अल्प बचत विभाग से विजेंद्र सिंह कुंडू, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से बिरमा देवी, महिला एवं बाल विकास विभाग से सहायक संदीप कुमार, रोजगार विभाग से राकेश कुमार व परिवाद लिपिक रामपाल सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



महेंद्रगढ़। लोगों की समस्या सुनते तहसीलदार। फोटो: हरिभूमि

## सलूनी में 11 हजार की कुश्ती नैनी पहलवान ने जीती

- बाबा भैया के मेले में हुआ खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अटेली क्षेत्र के गांव सलूनी में बाबा भैया का विशाल मेले एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। मेले में गांव के सरपंच राजकुमार ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया।

मेले में मुख्य अतिथि जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार व विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सिहमा के चैयरमैन प्रतिनिधि राजकुमार रहे। मेले में विभिन्न प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं हुई। वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रथम सलूनी को 25 हजार रुपये व द्वितीय चांदवास को 15 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। कबड्डी में प्रथम विजेता टीम गहली को 21 हजार व द्वितीय आदमपुर को 11 हजार रुपये का नगद पुरस्कार दिया गया। यह मैच रोमांचक रहा, एक प्वाइंट से मैच जीतने के कारण दर्शकों में काफी उत्सुकता रही। मेले में कुश्तियां 51 रुपये से लेकर 11 हजार तक करवाई गई। मेंले में 11 हजार रुपये की नैनी पहलवान ने तथा 51 सौ रुपये की कुश्ती कुलदीप बागौत ने जीती। गांव के सरपंच राजकुमार ने कहा कि खेलकूद से न सिर्फ स्वास्थ्य बल्कि रोजगार एवं यश तथा सम्मान भी प्राप्त होता है। कई देशों में यह देखने में आया है कि खेलों का अप्रत्यक्ष रूप से संबंध देश के विकास से भी होता है।

इस मौके पर पूर्व सरपंच अजीत, पूर्व सरपंच ओमप्रकाश, डॉ. रामवतार, कप्तान, विजय सिंह, जसवंत, विनोद, अजीत, रविंद्र शर्मा, अजय यादव के मेला कमेटी के सदस्य उपस्थित थे।



नारनौल। गांव सलूनी में बाबा भैया के मेले में 11 हजार की कुश्ती में विजेता पहलवान को सम्मानित करते हुए सरपंच राजकुमार व मेला कमेटी। फोटो: हरिभूमि

## चुनावों में कैश व कीमती सामान जब्त करने के लिए ग्रीवेंस कमेटी गठित

- कमेटी में तीन सदस्यों को किया गया शामिल

**नारनौल।** लोकसभा चुनावों में जो भी कैश या अन्य कीमती सामान जब्त किया जाएगा, उससे संबंधित जो भी आमजनता की शिकायतें होंगी, उन सभी शिकायतों का समाधान करने के लिए जिला स्तर पर एक समिति बनाई गई है, जिसका नाम जिला ग्रीवेंस कमेटी रखा गया है। इस कमेटी के तीन सदस्य होंगे, जिसमें जिला परिषद के सीईओ महावीर प्रसाद, उप-आबकारी व कराधान आयुक्त (सेल्स टैक्स) प्रियंका यादव व ट्रेजरी ऑफिसर विपिन यादव शामिल हैं। ग्रीवेंस कमेटी की संयोजक डीईटीसी प्रियंका यादव हैं, जिनका टेलीफोन नंबर 01282-251228 है। कमेटी की संयोजक प्रियंका यादव ने बताया कि आम जनता को कैश या अन्य कीमती सामान जब्त करने आदि से संबंधित की कोई असुविधा न हो, इसके लिए यह कमेटी बनाई गई है। यदि किसी को इस संबंध में कोई असुविधा है तो यह कमेटी इसका निराकरण करेगी। इस संबंध में कमेटी ने बैठक की है। अभी कोई केस कमेटी के समक्ष प्रस्तुत नहीं हुआ है।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारियों ने बीडीपीओ को सौंपा ज्ञापन

- मांगों को लेकर गंभीरता नहीं दिखाने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना

ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने खंड प्रधान पवन कुमार के नेतृत्व में वेतन की मांग को लेकर मंगलवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने कहा कि पिछले छह माह से वेतन नहीं मिला है। हाल ही में नया शिक्षा सत्र शुरू हो चुका है, बच्चों के दाखिले व स्टेशनरी खरदने के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल तक वेतन नहीं मिला, तो मजबूरन उपायुक्त कार्यालय के सामने धरने पर बैठना पडेग़ा।




कनीना। वेतन की मांग को लेकर ज्ञापन देने जाते ग्रामीण सफाई कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

## राव सुल्तान स्कूल में मनाई हनुमान जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बहेड़ा में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। संस्था निदेशक सतपाल यादव मुख्यातिथि के तौर पर हनुमानजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व चरणों में पुष्प अर्पित किए। संस्था प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि हनुमान का जन्म त्रेता युग के के अंतिम चरण में लगभग आज के 85 लाख 58 हजार 112 साल पहले चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को चित्रा नक्षत्र में सुबह के समय हुआ था। उनकी माता अंजनी व पिता कपीराज केसरी थे। वे शिव के 11वें रुद्र के अवतार माने गए हैं। राम के अनन्य भक्त और लक्ष्मण के प्राण दाता कह गए हैं। उनको ब्रह्मा के आशीर्वाद से अपना रूप छोटा बड़ा करने का वरदान मिला था। पुराणों के अनुसार कलयुग में हनुमान जी हिमालय की गुफाओं में आज भी जिंदा है। बच्चों ने भी बड़े ही मनमोहक भजन सुनाकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। प्राचार्य ने कहा कि हनुमान जी की कृपया हम सभी पर बनी रहे। इस अवसर पर उपप्राचार्य रामकुमार, कर्णसिंह निंबल, पुरुषोत्तम, बीरेंद्र, बेनी प्रसाद, अशोक, वासुदेव, दिनेश गोठवाल, धनशिराम, अमृत, आनंद, महावीर, मोनिका, मनीषा, नीलम, संतोष रेणु व ज्योति उपस्थित रही।



महेंद्रगढ़। हनुमान जी के चित्र पर पुष्पार्पित करत स्टाफ सदस्य।

### साहित्यकार टीसी प्रकाश की 16 वीं पुण्यतिथि मनाई

## टीसी प्रकाश बहुमुखी प्रतिभा के धनी थेः डा. अम्बिका कौशिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गांव शिमला में शेखावाटी के वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार स्वर्गीय टीसी प्रकाश की 16वीं पुण्यतिथि खेड़वाल सदन शिमला में समारोह पूर्वक ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. अंबिका दत्त कौशिक की अध्यक्षता में मनाई गई। विशिष्ट अतिथि रीना देवी सरपंच शिमला, कांग्रेस नेता राजेंद्र यादव, पूर्व सरपंच धर्मेंद्र यादव, सरपंच प्रतिनिधि शीशराम निनानिया, यादव महासभा नीमका थाना के जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह यादव, राजकुमार मास्टर, गोविंदराम शर्मा, ओमप्रकाश शर्मा, अभिमन्यु पाराशर, समाजसेवी धर्मपाल ढाणी, सरपंच अनिल शर्मा दलोता व पवन कौशिक आदि थे। सर्वप्रथम टीसी प्रकाश की फोटो पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। स्वागत भाषण वरिष्ठ पत्रकार रामानंद शर्मा ने दिया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार अनिल शर्मा ने किया। इस मौके पर अनिल शर्मा, नेतराम गराटी दुधवा, सतीश चंद्र शर्मा, इंद्रजीत शर्मा, पवन शर्मा, जनेश कुमार, बजरंग लाल बबलू, बनवारीलाल प्रजापत, जयसिंह यादव, पवन शर्मा, भारत कुमार कौशिक, लीलाधर टेलर, पवन यादव पचेरिया, विजय सिंह होलदार, शानू शर्मा, आर्यन शर्मा, कविश पाराशर, अमित कुमार शर्मा, दक्ष शर्मा, देवांश, संजय, निर्माण, सुभाष प्रजापत आदि ग्रामीण मौजूद रहे।




नारनौल। साहित्यकार टीसी प्रकाश की पुण्यतिथि मनाते लोग। फोटो: हरिभूमि

### अपने पूर्वजों के लिए कुछ न कुछ करें संतान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा. कौशिक ने कहा कि प्रकाश बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनका व्यक्तित्व एक अलग अंदाज का था। उन्होंने पत्रकारिता के साथ-साथ समाजसेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रामानंद शर्मा को बधाई देता हूं कि वो प्रति वर्ष ऐसा आयोजन करते हैं। प्रत्येक संतान को अपने पूर्वजों की याद में कुछ ना कुछ करते रहना चाहिए, ताकि लोगों को प्रेरणा मिल सकें। परिवार के सभी सदस्य बधाई के पात्र है, लोग तो मरने के बाद में अपने परिवार जन को भूल जाते है, लेकिन टीसी प्रकाश के परिवारजन हर वर्ष ऐसा आयोजन करते हैं, वह वास्तव में बधाई के पात्र हैं।

### विकास नगर में मनाई हनुमान जयंती, मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी की

**नारनौल।** बस स्टैंड के समीप स्थित विकास नगर में श्री बावड़ी वाले हनुमान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं हनुमान जयंती का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रातःकाल को मोहल्ला विकास नगर एवं एंपलॉयज कॉलोनी में शोभायात्रा निकालकर मूर्तियों की परिक्रमा करवाई गई। महिलाओं ने कलश लेकर भजन-कीर्तन किए और मंगल गान गाए। सुबह आठ बजे शोभायात्रा निकालने के बाद बावड़ी वाले हनुमान मंदिर में नौ बजे हवन का आयोजन किया गया और मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मंदिर में राधा-कृष्ण एवं दुर्गा माता की मूर्तियों की स्थापना की गई है। तत्पश्चात सवा 12 बजे प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें मोहल्ला ही नहीं, आसपास के हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन एवं मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा पंडित राहुल शर्मा ने करवाई।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005